फैक्स/ई-मेल
राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा
निर्वाचन सदन, प्लाट नम्बर-2, सैक्टर-17,
पंचकूला।

क्रमांकः एस.ई.सी./2एम.ई./2018/78 दिनांकः 18.01.2018

सेवा में

मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा
निर्वाचन विभाग, सैक्टर-17, चण्डीगढ।

विषयः- नगरनिकाय संस्थाओं के आम चुनाव/उप-चुनाव, 2018 के बारे में।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषय पर मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि भविष्य में राज्य की कुछ नगरपरिषद/नगरपालिका के आम चुनाव/उप-चुनाव मार्च/अप्रैल 2018 में करवाये जाने प्रस्तावित हैं। उक्त नगरपरिषद् तथा नगरपालिकाओं की मतदाता सूचियां विधान सभा की मतदाता सूचियों को आधार मानकर तैयार करवाई जानी हैं। आपके कार्यालय द्वारा विधानसभा की मतदाता सूची का प्रकाशन दिनांक 01.01.2018 को अर्हक तिथि मानकर दिनांक 10.01.2018 को किया जा चुका है।

2. अतः आपसे अनुरोध है कि आप दिनांक 10.01.2018 को अन्तिम रुप से प्रकाशित की गई फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के 2 पूर्ण सैट इत्यादि विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार उपायुक्त, भिवानी, गरुग्राम, हिसार, जीन्द, झज्जर, करनाल, कैथल, महेन्द्रगढ, मेवात, रोहतक, रिवाडी, सोनीपत पलवल, कुरुक्षेत्र को बिना किसी कीमत के तत्काल उपलब्ध करवाने बारे सम्बन्धित तहसीलदार (चुनाव) को निर्देश जारी करने का कष्ट करें, ताकि जिले मे होने वाले नगरपालिकाओ के चुनावों हेतू मतदाता सूची संशोधन के समय इसका उपयोग किया जा सके।

भवदीय,
sd/-
(पुष्कर दत)
अधीक्षक/नगरपालिका,
राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा

पृ0क्रमांकः एस.ई.सी./2एम.ई./2018/79-92 दिनांकः 18.01.2018

उपरोक्त की एक प्रति उपायुक्त भिवानी, गरुग्राम, हिसार, जीन्द, झज्जर, करनाल, कैथल, महेन्द्रगढ, मेवात, रोहतक, रिवाडी, सोनीपत पलवल, कुरुक्षेत्र को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित की जाती है।

(पुष्कर दत)
अधीक्षक/नगरपालिका,
राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा
Email:supdtmc.sec@hry.nic.in